# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

L-1013-10,000

(10)

**Public Relations Office**

Name of the Publication: रोहतक जागरण पेज (दै. जागरण)

Date: 29/06/2022 Page: IV Column: 6

Subject: एमडीयू में ट्रेनिंग सत्र 30 को

### एमडीयू में ट्रेनिंग सत्र 30 को

रोहतक : मदवि का एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज 30 जून को–पावर आफ पाजिटीव थिंकिंग फार मिनिस्ट्रीयल स्टाफ विषयक ट्रेनिंग सत्र का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने बताया कि मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डा. सोनिया मलिक बतौर रिसोर्स पर्सन इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत करेंगी।

### सेमिनार हॉल में ट्रेनिंग सत्र कल

**रोहतक।** ममदवि एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज 30 जून को-पावर ऑफ पॉजिटीव थिंकिंग फॉर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ को लेकर ट्रेनिंग सत्र का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. सोनिया मलिक बतौर रिसोर्स पर्सन इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत करेंगी।

हरि भूमि

L-1013-10,000

(9)

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

lame of the Publication ....अमर उजाला (रोहतक My City)....

)ate ....29/06/2022.... Page ....01.... Column....01....

;ubject ....एमडीयू में प्रशिक्षण कल....

### एमडीयू में प्रशिक्षण कल

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज 30 जून को-पावर ऑफ पॉजिटीव थिंकिंग फॉर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ विषय पर ट्रेनिंग सत्र का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटीव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. सोनिया मलिक बतौर रिसोर्स पर्सन इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत करेंगी। यह कार्यक्रम एफडीसी भवन के सेमिनार हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। ब्यूरो

रोहतक भास्कर 01-07-2023

# सकारात्मक सोच से कार्यस्थल पर स्वस्थ माहौल बनता है : प्रो. मलिक



रोहतक. एमडीयू में ट्रेनिंग सत्र के दौरान बोलतीं वक्ता।

**भास्कर न्यूज़ | रोहतक**

एमडीयू के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के तत्वावधान में शुक्रवार को पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग फॉर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ विषय पर ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. सोनिया मलिक ने बतौर रिसोर्स पर्सन इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत की। प्रो. सोनिया मलिक ने कहा कि सकारात्मक सोच से कार्यस्थल पर स्वस्थ माहौल बनता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा से कर्मी अपने कार्यों और जिम्मेदारियों के प्रति आशावादी दृष्टिकोण से कार्य करेंगे और एक-दूसरे का श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के डिप्टी कोऑर्डिनेटर नितिन सिवाच ने अंत में आभार जताया। इस ट्रेनिंग सत्र में एमडीयू के विभिन्न कार्यालयों के प्रभारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY
Training session on
'POWER OF POSITIVE THINKING FOR MINISTERIAL STAFF'
Keynote Speaker : PROF. SONIA MALIK,
DEPTT OF PSYCHOLOGY




M.D.U. Rohtak


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSI
'POWER OF POSITIVE THINKING
FOR MINISTERIAL STAFF'
Keynote Speaker : PROF. SONIA MALIK,
DEPTT OF PSYCHOLOGY
ADMINISTRATIVE STAFF COLLEGE (ASC)




M.D.U. Rohtak

# सकारात्मक सोच से कार्यस्थल पर स्वस्थ माहौल बनता है : प्रो. मलिक



रोहतक. एमडीयू में ट्रेनिंग सत्र के दौरान बोलतीं वक्ता।

भास्कर न्यूज़ | रोहतक

एमडीयू के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के तत्वावधान में शुक्रवार को पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग फॉर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ विषय पर ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. सोनिया मलिक ने बतौर रिसोर्स पर्सन इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत की। प्रो. सोनिया मलिक ने कहा कि सकारात्मक सोच से कार्यस्थल पर स्वस्थ माहौल बनता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा से कर्मी अपने कार्यों और जिम्मेदारियों के प्रति आशावादी दृष्टिकोण से कार्य करेंगे और एक-दूसरे का श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के डिप्टी कोऑर्डिनेटर नितिन सिवाच ने अंत में आभार जताया। इस ट्रेनिंग सत्र में एमडीयू के विभिन्न कार्यालयों के प्रभारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम

पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग फॉर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ विषय पर ट्रेनिंग सत्र आयोजित

# सकारात्मक सोच से मिलती है सफलता

संवाद न्यूज एजेंसी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ के तत्वावधान में को पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग फॉर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ विषय पर ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया गया।

एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला।

मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. सोनिया मलिक ने बतौर रिसोर्स पर्सन इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत की। प्रो. सोनिया ने बताया कि सकारात्मक सोच से कार्यस्थल पर स्वस्थ वातावरण बनता है। जिससे कर्मचारियों के बीच विश्वास बढ़ता है और उनके कार्य में गुणवत्ता आती है। सकारात्मक रवैया कर्मचारी के कॅरिअर सफलता में भी अहम भूमिका निभाता है।



एमडीयू में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करतीं डॉ. सोनिया मलिक। संवाद

सकारात्मकता से कर्मचारी तनाव मुक्त रहते हैं। उनका स्वास्थ्य बेहतर बनता है, टीमवर्क में सुधार होता है और कार्य स्थल की चुनौतियों से पार पाया जाता सकता है। उन्हों बताया कि इस ट्रेनिंग सत्र में एमडीयू कर्मचारियों को सकारात्मक ऊर्जा निर्माण के महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए और उन्हें जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के डिप्टी कोआर्डिनेटर नितिन सिवाच ने अंत में आभार जताया। इस ट्रेनिंग सत्र में एमडीयू के विभिन्न कार्यालयों के प्रभारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

# सकारात्मक सोच से कार्यस्थल पर बनता है स्वस्थ माहौल : प्रो. सोनिया



मदवि के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के तत्वावधान में पावर आफ पाजिटिव थिंकिंग फार मिनिस्ट्रीयल स्टाफ विषय पर ट्रेनिंग सत्र के दौरान मुख्य वक्ता प्रो. सोनिया मलिक व स्टाफ।

जागरण संवाददाता, रोहतक : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के तत्वावधान में शुक्रवार को पावर आफ पाजिटिव थिंकिंग फार मिनिस्ट्रीयल स्टाफ विषय पर ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया गया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला।

मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डा. सोनिया मलिक ने बतौर रिसोर्स पर्सन इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत की। प्रो. सोनिया मलिक ने कहा कि सकारात्मक सोच से कार्यस्थल पर स्वस्थ माहौल बनता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा से कर्मी अपने कार्यों और जिम्मेदारियों के प्रति आशावादी दृष्टिकोण से कार्य करेंगे और एक-दूसरे का श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे। प्रो. सोनिया मलिक ने बताया कि सकारात्मक सोच से कार्यस्थल पर स्वस्थ वातावरण निर्मित होता है। जिससे कर्मचारियों के बीच विश्वास बढ़ता है और उनके कार्य में गुणवत्ता आती है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक रवैया कर्मचारी के कॅरियर सक्सेस में भी अहम भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि सकारात्मकता से कर्मचारी तनाव मुक्त रहते हैं, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनता है, जिससे प्रोडक्टिविटी लेवल बढ़ता है, टीमवर्क में सुधार होता है, कार्य स्थल की चुनौतियों से पार पाया जाता सकता है। प्रो. सोनिया मलिक ने इस ट्रेनिंग सत्र में एमडीयू कर्मचारियों को सकारात्मक ऊर्जा निर्माण के महत्त्वपूर्ण टिप्स सांझा किए और उन्हें जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया।